वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः 514........ / गोप0 / 21 दिनांकः 30.10.2021

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (कृषि संकाय पाठ्यक्रम),
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय :– कृषि संकाय के बी.एस–सी. (कृषि) प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर तथा एम.एस–सी. (कृषि) प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के प्रायोगिक एवं मिडटर्म के अंक दो कार्य दिवसों में प्राप्त कराने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि बी.एस–सी. (कृषि) तथा एम.एस–सी. (कृषि) 2021 की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य समाप्त हो चुका है तथा परीक्षाफल शीघ्र घोषित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। परीक्षा परिणाम तैयार किये जाने हेतु मिडटर्म एवं प्रायोगिक अंक की आवश्यकता है। अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा अभी तक प्रायोगिक अंक प्राप्त नहीं कराये गये हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया जिन महाविद्यालयों द्वारा बी.एस–सी. (कृषि) तथा एम.एस–सी. (कृषि) 2021 के मिडटर्म एवं प्रायोगिक अंक विश्वविद्यालय को प्राप्त नहीं कराये गये हैं, वे प्रत्येक दशा में दो कार्य दिवसों में प्रायोगिक एवं मिडटर्म अंक प्राप्त कराना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षाफल घोषित किया जा सके। यदि प्रायोगिक एवं मिडटर्म अंक प्राप्त न होने के कारण किसी छात्र का परीक्षा परिणाम अपूर्ण रहता है तो इसके लिए महाविद्यालय प्रशासन उत्तरदायी होगा।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विशेष कार्याधिकारी कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वेबमास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. समाचार सम्पादक, **अमर उजाला, हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण** को इस आशय से प्रेषित कि कृपया वे अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वांचल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव
(गोपनीय)